# टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी कर लाखों रुपये के राजस्व की पहुंचायी क्षति

### झारखंड कांग्रेस ने रांची डीआरएम पर लगाया आरोप, कहा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने रांची डीआरएम पर टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी का बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि रांची डिवीजन में मुरी, टाटीसिल्वे, लोधमा, लोहरदगा, बकस में ट्रैक मेंटेनेंस के लिए मानव श्रमिक सप्लाई करने का टेंडर रेलवे के टीआरडी इलेक्ट्रिक डिपार्टमेंट द्वारा किया गया था। 16 मई को टेक्निकल बिड खुला। जिसमें विनोद कंस्ट्रक्शन, जय



माता दी रिटायर्ड एम्प्लाइज एसोसिएशन और प्रकाश कंस्ट्रक्शन शामिल हुए थे। टेक्निकल बिड में दो एजेंसी विनोद कंस्ट्रक्शन और प्रकाश कंस्ट्रक्शन ने क्वालीफाई किया था, जबकि जय माता दी रिटायर्ड एम्प्लाइज एसोसिएशन डिसक्वालिफाई कर

### रेलवे को 72 लाख से अधिक का नुकसान

कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा ने बताया कि बीड के अनुसार प्रकाश कंस्ट्रक्शन एल-01 हुआ था। उसका बीड 1.24 करोड़ का था, जबकि विनोद कंस्ट्रक्शन का बीड 1 करोड़, 96 लाख, 39 हजार 719.65 रुपये का था। इस तरह से उसका टेंडर करीब 72 लाख 39 हजार ज्यादा होने के बावजूद टेंडर प्रकाश कंस्ट्रक्शन की जगह विनोद कंस्ट्रक्शन को मिल गया। राकेश सिन्हा ने इसे बड़ा घोटाला बताते हुए कहा कि रेलवे के 72 लाख रुपये से अधिक का राजस्व का नुकसान पहुंचाया गया है।

दिया गया था। राकेश सिन्हा सोमवार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे।

**कांग्रेस नेता ने उठाए सवाल :** राकेश सिन्हा ने कहा कि चंदा लो, धंधा दो वाली केंद्र की सरकार में रांची डीआरएम ने किस व्यवस्था के तहत सबसे कम यानि एल-1 की जगह वैसी एजेंसी को टेंडर दे दिया जो एल-1 नहीं था।

# सिरमटोली रेलवे फ्लाइओवर ब्लॉक के लिए की जा रही समीक्षा, द.पू.रे. को भेजी जायेगी रिपोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सिरमटोली मेकन फ्लाइओवर का काम 60 फीसदी पूरा हो चुका है। काम पूरा करने के लिए सिमरटोली के पास रेलवे ब्लॉक लेने की जरूरत है। फ्लाईओवर निमार्ण कार्य कर रही कंपनी एलएंडटी इसके लिए लगातार रांची रेल मंडल और पथ निर्माण विभाग के साथ मिल कर काम कर रही है। रेलवे से ब्रिज निर्माण के लिए एनओसी मिलने पर इस कार्य को गति दी जायेगी। जिसके बाद योजना पूरी कर ली जायेगी। रांची रेल मंडल की मानें तो रेलवे के अधिकारी लगातार रेलवे ब्लॉक लेने की समीक्षा कर रहे हैं। कंपनी एलएंडटी ने पहले ही रेलवे से 119 घंटे ब्लॉक लेने की मांग की है। ये ब्लॉक अलग-अलग दिनों में चार-चार घंटे कर लेने की मांग की गयी है। ऐसे में रेलवे की टीम इसकी समीक्षा कर रही है। रेलवे अधिकारियों की मानें तो रेलवे ने कंपनी को एक फॉर्मेट दिया है। जिसे भर कर देना है। फॉर्मेट मिलने पर रेलवे इसकी फिर समीक्षा करेगा। इसमें स्पष्ट होगा कि कंपनी किस तरह और कैसे ब्लॉक चाहती है और रेलवे को इसके लिए कैसे और क्या तैयारी करनी है। ब्लॉक लेने के दौरान कैसे समुचित ढंग से ट्रेनों का परिचालन होगा। रांची रेल मंडल की मानें तो इन सभी पहलुओं पर विचार के बाद रिपोर्ट दक्षिण पूर्व रेलवे भेजा जायेगा। जहां से सहमति मिलने के बाद इस पर काम आगे किया जा सकता है। बता दें कि फ्लाइओवर के लिए निवारणपुर से पटेल चौक तक केबल स्टे ब्रिज का निर्माण करना है। यह रांची रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर बनेगा। ऐसे में रेलवे ब्लॉक जरूरी है।

बता दें योजना की कुल राशि 337 करोड़ रुपये है। इसके तहत 48 फीसदी राशि अब तक खर्च की गयी है जबकि 60 फीसदी काम पूरा हो गया है। पिछले दिनों पथ निर्माण मंत्री बंसत सोरेन ने फ्लाइओवर का निरीक्षण किया था। मंत्री ने सितंबर तक काम पूरा करने का आदेश एलएंडटी को दिया है। ऐसे में जल्द से जल्द सभी अड़चनों को दूर करने की पहल की जा रही है। रांची व हटिया रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन सौ से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं। इसमें पैसेंजर, एक्सप्रेस व मालगाड़ी शामिल हैं।

# राज्य की गठबंधन सरकार ने जनता को छला : सुदेश महतो

### अकील अख्तर ने सुदेश महतो से की मुलाकात, क्षेत्र की समस्याएं बतायी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष अकील अख्तर ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सह पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो से रांची स्थित उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान पाकुड़ में व्याप्त जनसमस्याओं और क्षेत्र की मौजूदा राजनीतिक एवं सांगठनिक स्थिति पर चर्चा की। मौके पर अकिल अख्तर ने कहा कि पाकुड़ में स्वास्थ्य व्यवस्था बेहद ही दयनीय है। क्षेत्र में ढंग का अस्पताल न होने के कारण यहां की जनता को बंगाल जाना पड़ता है। वहीं युवा अन्य राज्यों में पलायन कर रहे हैं। पाकुड़ की जनता ने सरकार को अपना मत दिया लेकिन सरकार ने पाकुड़ के विकास के लिए कुछ भी नहीं किया। किसान सिंचाई की सही सुविधा न होने से परेशान हैं। बिजली की अनियमित सप्लाई ने आम लोगों के साथ ही छोटे व्यापारियों की भी कमर तोड़ दी है। इस दौरान सुदेश महतो ने कहा कि आज पाकुड़ समेत राज्य भर की जनता प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार, अफसरशाही और सरकारी कामकाज में उत्पन्न घोर अनियमितता से परेशान है। सरकार ने जनता से किया कोई वादा पूरा नहीं किया। इन्होंने जनता को सिर्फ छलने का काम किया है। श्री महतो ने कहा कि राज्य की दशा बदलने और इसे सही दिशा की ओर ले जाने में हमारी भूमिका महत्वपूर्ण है। पाकुड़ में विकास की ढेरों संभावनाएं हैं, आने वाले समय में दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ हम पाकुड़ की सेवा करेंगे।

### हल्ला बोल कार्यक्रम का पांचवा दिन, आजसू ने प्रखंडों में सौंपा ज्ञापन

# हल्ला बोल कार्यक्रम के जरिये सोयी राज्य सरकार को जगा रहा है आजसू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रशासनिक उदासीनता और जनता की समस्याओं के प्रति सरकार की निष्ठुरता के खिलाफ आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम सोमवार को भी जारी रहा। हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत सोमवार को आजसू पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में विभिन्न प्रखंड कार्यालयों में संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

आजसू कार्यकर्ताओं ने कहा कि क्षेत्र की जनता प्रखंड कार्यालयों में अफसरशाही और भ्रष्टाचार से परेशान है। अधिकारी यदि जनता का काम सही तरीके से सही समय पर करते तो भ्रष्टाचार अपना पांव




नहीं पसार पाता। सरकार द्वारा संरक्षण प्राप्त अधिकारियों के चलते भ्रष्टाचार ने आज प्रखंड और अंचल कार्यालयों में अपने पांव जमा लिए हैं जिसका खामियाजा गरीब जनता को भुगतना पड़ रहा है।

गरीब परिवार आज अपने हक के राशन की लड़ाई लड़ने को विवश है। अधिकारी उनके हक के राशन में भी सेंधमारी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। वहीं किसान समय से बीज न मिलने से निराश है। आजसू कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार आज बड़े बड़े दावे करती है उन्हीं दावों में से एक है 200 यूनिट मुफ्त बिजली। आज ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही शहरी क्षेत्र में भी बिजली नहीं मिल पा रही है। सरकार पहले निर्बाध बिजली की व्यवस्था करे फिर मुफ्त बिजली की बात करे। बिजली की समस्या ने आम जनों के साथ ही छोटे व्यवसायियों को भी परेशानी में डाल दिया है। कई सारे कुटीर उद्योग बंद होने की कगार पर हैं।

रांची जिला के चान्हो प्रखंड, रामगढ़ जिला के चितरपुर प्रखंड, हजारीबाग जिला के कटकमदाग प्रखंड, गिरिडीह जिला के डुमरी प्रखंड, गढ़वा के रमकण्डा प्रखंड, देवघर के सोनारायठाढ़ी, पलामू के हुसैनाबाद, गोड्डा जिला के गोड्डा प्रखंड, खरसावां के खूंटपानी प्रखंड और साहिबगंज के तालझारी प्रखंड समेत कई प्रखंडों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ पार्टी पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

## खबर एक नजर में

### हिंदुत्व को अपमानित करने वाली कांग्रेस का चरित्र फिर से हुआ उजागर : संजय सेठ

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने लोकसभा में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी द्वारा हिंदू समाज को हिंसक बतान वाले बयान की कड़ी भर्त्सना की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का बयान हिंदू समाज को अपमानित करने वाला है। राहुल गांधी को पूरे हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से हिंदुत्व विरोधी रही है। हिंदुत्व को सदैव अपमानित करने वाली कांग्रेस का चरित्र आज फिर से देखने को मिला। हिंदू समाज जितना सहनशील होता है, उतना कोई धर्म नहीं। हिंदू समाज कभी अपने हित की बात नहीं करता बल्कि पूरे विश्व की कल्याण की बात करता है।

### राहुल गांधी की मानसिकता हिंदू विरोधी : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लोकसभा में राहुल गांधी द्वारा दिये गये हिंदू विरोधी बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि करोड़ों हिंदुओं को झूठा और नफरती बताकर राहुल गांधी ने फिर से अपने हिन्दू विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी अविलंब इस शर्मनाक हरकत के लिए पूरे देश से माफी मांगे। उन्होंने कहा कि मुस्लिम तुष्टिकरण में अंधे हो चुके राहुल गांधी का यह बयान हिंदू धर्म के खिलाफ खतरनाक और सुनियोजित साजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि देश की जनता इसका उचित जबाव देगी।

### राहुल ने हिंदू समाज का किया अपमान : दीपक

**रांची।** भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा है कि लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने हिंदू विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है। उन्होंने राहुल गांधी पर नेता विपक्ष की पद की गरिमा गिराने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हिंदुओ को गाली देना, नीचा दिखाना और हिंदू देवी देवताओं को नकारना कांग्रेस के डीएनए में है। राहुल गांधी ने सदन में ने पूरे हिंदू समाज का अपमान किया है। आज राहुल गांधी ने पूरे हिंदू समाज को हिंसक और असत्यवादी कहा।

### दुष्कर्म के खिलाफ पुलिस करे कार्रवाई : भाजपा

भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन



**रांची।** भाजपा महिला मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी से मिलकर दुष्कर्म की घटनाओं में रोक लगाने की मांग की है। सोमवार को एसएसपी को सौंपे ज्ञापन में अपराधियों को स्पीडी ट्रायल कर फांसी की सजा देने की मांग की गयी। इस अवसर पर डॉ सीमा सिंह, रेनू तिर्की, बबीता वर्मा सिंह, लवली गुप्ता, नीलम चौधरी एबबीता झा, अनीता वर्मा, बीणा मिश्र, दिव्या साहू,अर्चना सिंह, नम्रता सोनी, नेहा शर्मा, पायल सोनी, रेणुका पासवान, प्रीति केसरी, कुसुम देवी आदि उपस्थित थीं।

### विधि पुस्तक के प्रकाशक को भारतीय न्याय संहिता पुस्तक की त्रुटि सुधारने का निर्देश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की पुस्तक के प्रकाशक यूनिवर्सल लेक्सिस नेक्सिस द्वारा त्रुटि मामले को झारखंड हाई कोर्ट ने गंभीरता से लिया है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति आनंदा सेन एवं न्यायमूर्ति सुभाष चंद्र की खंडपीठ ने भारतीय न्याय संहिता 2023 के प्रकाशक यूनिवर्सल लेक्सिस नेक्सिस को पुस्तक के कुछ अंश की त्रुटि को तुरंत दूर कर हाईकोर्ट को सूचित करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि पब्लिशर यूनिवर्सल लेक्सिस नेक्सिस ने भारत सरकार का जो ओरिजिनल नोटिफिकेशन है उससे मिलन किए बिना ही इस पुस्तक को छाप दी है। इस पुस्तक में कोई छोटी गलती होने से उसकी व्याख्या वकील और कोर्ट अपने-अपने तरह से करेगी, ऐसे में त्रुटि को तुरंत ठीक करना जरूरी है।

### हटिया रेलवे स्टेशन से दो तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** आरपीएफ हटिया ने गुप्त सूचना के आधार पर सात लाख रुपये मूल्य का गांजा प्लेटफार्म नंबर तीन से बरामद किया है। आरपीएफ ने इस मामले में दो गांजा तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। तस्करों ने बताया कि ओड़िशा के संबलपुर से 15 किलो गांजा के साथ आया था। दोनों उत्तर प्रदेश के बिजनौर के रहने वाले हैं। तस्करों ने बताया कि वे इसे संबलपुर से लाए थे और उत्तर प्रदेश में ऊंचे दाम पर बेचना था।

### पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की 14वीं बैठक चार जुलाई को, उपायुक्त ने की तैयारी बैठक

**रांची।** पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की 14वीं बैठक 4 जुलाई गुरुवार को रांची में आयोजित की गयी है। इसे लेकर सोमवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में बैठक आयोजित की गयी। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिलास्तर पर विभिन्न कोषांगों का गठन किया गया है। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा कोषांगों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को उनके कार्य एवं दायित्व की जानकारी दी गयी। उन्होंने कोषांगों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं संपर्क पदाधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए कर्तव्य निवर्हन का निदेश दिया। बैठक में प्रोटोकॉल के अनुसार स्वागत, विदाई एवं आवश्यकतानुसार अल्पाहार भोजन आदि की सुविधा, वाहन की उपलब्धता, आवासन व्यवस्था के साथ चार जुलाई को होटल रेडिशन ब्लू में निर्धारित बैठक को लेकर पूरी तैयारी करने का निर्देश दिया गया।

### राजेश राय की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** चेशायर होम रोड की 1 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री से जुड़े मामले में राजेश राय की जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने प्रार्थी एवं ईडी का पक्ष सुनने के बाद राजेश राय को राहत नहीं देते हुए उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी। दरअसल, विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की 1 एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में राजेश राय, प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ईडी ने मामले में ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया गया है। ईडी ने अपनी जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था। जिसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी। जालसाजी कर मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर गंगाधर राय को इस जमीन का फर्जी मालिक बनाया गया था।

### रथ मेला में तैनात रहेंगे 300 स्वयंसेवक

**रांची।** झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति, धुर्वा की बैठक सोमवार को सेक्टर श्री एन टाइप में हुई। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मेघा उरांव ने की। इस दौरान सात जुलाई से लगने वाले रथ मेला में विधि व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा हुई। निर्णय हुआ कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समिति के 300 स्वयंसेवक, कार्यकर्ता हरी पप्ती की पहचान के साथ अपनी सेवाएं देंगे। हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि हम सभी का एक ही लक्ष्य है कि रथ मेला शांतिपूर्वक सफल हो। मौके पर लुथरु उरांव, लोरया उरांव, बिरसा भगत, कुमुदिनी लकड़ा, डॉ बूटन महली, विनोद उरांव, अजीत उरांव, संदीप प्रजापति, अनिता मुंडा, नितेश, पूजा देवी, मुन्नी देवी सहित अन्य मौजूद थे।

# आज और कल उत्तरी पूर्वी हिस्से में भारी बारिश के आसार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पिछले दो-तीन दिनों से राज्य वासियों को बारिश ने राहत दी है। राजधानी समेत राज्य के लगभग सभी हिस्से में मॉनसून का असर देखा जा रहा है। इसके साथ ही तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। हालांकि जून में मानूसन देर से आने पर राज्य में बारिश कम ही हुई है। फिर भी लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 2 और 3 जुलाई को राज्य के उत्तर पूर्वी और निकटवर्ती मध्य भागों में भारी बारिश की जानकारी दी गयी है। इसमें रांची, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, गुमला, बोकारो, देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ में भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान वज्रपात भी होने के संकेत हैं। केंद्र



ने इसके लिए यलो अलर्ट जारी किया है। 4 और 5 जुलाई को राज्य के अधिकांश हिस्से में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी।

केंद्र की मानें तो अबतक सिर्फ 73.5 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि पूवार्नुमान के अनुसार राज्य में अब तक 189.5 मिमी वर्षा होनी चाहिए थी। राजधानी में 197.6 मिमी की जगह 90.8 मिमी वर्षा हुई है। जो कि सामान्य से भी कम है।

तापमान की बात करें तो पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के तापमान में चार डिग्री तक कमी दर्ज की जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से सोमवार सुबह जारी सूची में जानकारी दी गयी कि रांची का अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं, राज्य का औसतन अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया जा रहा है। आने वाले दिनों में तापमान में दो डिग्री तक की कमी दर्ज की जायेगी।

वहीं, बारिश की बात करें तो सबसे अधिक बारिश सिमडेगा के बांसजोर में 76.6 एमएम, पंचेत में 61 और गुमला रायडीह में 50 एमएम दर्ज किया गया। इसके साथ ही गढ़वा 48, लातेहार 24, सिमडेगा 50, बोकारो 13 और रांची में 3.4 एमएम बारिश दर्ज की गयी।

### राज्य शिक्षा सेवा के 10 पदाधिकारी बदले

**रांची।** स्कूली शिक्षा विभाग ने अवर शिक्षा सेवा के 10 पदाधिकारियों का तबादला कर दिया है। सोमवार को इसका आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि जिन पदाधिकारियों का तबादला हुआ है, वे तीन जुलाई तक अपने वर्तमान प्रभार को सौंपते हुए नव पदस्थादपित स्थान पर योगदान कर निश्चित रूप से सूचित करेंगे।

| नाम | कहां गए |
|---|---|
| मृगेंद्र वायरा | महगामा |
| वीणा कुमारी | पत्थरगामा |
| सुमित्रा तिर्की | गुमला |
| नंद किशोर तिवारी | चैनपुर |
| डोमन मोची | कटकमसांडी |
| कल्पना तांती | नामकुम |
| लक्ष्मी वर्मा | धनबाद |
| विजय लक्ष्मी | कर्रा |
| जया देवी | विश्रामपुर |
| अमिताभ | लिट्टीपाड़ा |

## ई-रिक्शा चालक हड़ताल पर गये, कहा- ट्रैफिक पुलिस वसूलती है मनमाना फाइन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ई-रिक्शा चालकों ने सोमवार को रांची जिला में स्ट्राइक किया। इस दौरान सैकड़ों ई-रिक्शा चालक अपने रिक्शे के साथ मोरहाबादी मैदान पहुंचे और उन्होंने बैठक की। ई-रिक्शा चालक कृष्ण कुमार ने बताया कि लगभग 1 सप्ताह से उन लोगों को ट्रैफिक पुलिस प्रताड़ित कर रही है। गाड़ी के कागजात जांच किए बिना ही गाड़ी को थाना भेजकर जब्त कर लिया जा रहा है। ई-रिक्शा चालकों ने आरोप लगाया कि उनसे मनमाने ढंग से 3000 से लेकर 5000 तक फाइन वसूला जा रहा है। ई-रिक्शा चालकों ने कहा की उनकी मांग है कि ऑटो की तरह उन्हें भी परमिट दिया जाए और रूट तय किया जाए, नहीं तो ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन बंद किया जाए या फिर कचहरी जीरो माइल से 10 किलोमीटर की परिधि में उन्हें गाड़ी चलाने की छूट दी जाए। उन्होंने कहा कि जब तब उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती, वे स्ट्राइक पर रहेंगे।

## डोरंडा गोलीकांड में मोइन ने किया सरेंडर

**रांची।** डोरंडा में हुए गोलीकांड में मोइन ने सोमवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। डोरंडा के धोबी मोहल्ला में चार दिन पहले हुए गोलीकांड में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया था। डोरंडा पुलिस ने आजम अहमद, आफताब आलाम, रौशन व बिट्टू शामिल है। आजम अहमद के पास से पुलिस ने लाइसेंस हथियार को भी पुलिस ने जब्त कर लिया था। सिटी एसपी ने बताया कि आज डोरंडा में हुए गोलीकांड में मोइन ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। एसपी ने कहा कि डोरंडा गोलीकांड अभी और लोगों की गिरफ्तारी होगी। किसी भी अपराधी को बक्शा नहीं जाएगा। बता दें कि बुधवार शाम डोरंडा धोबी मोहल्ला में हुए फायरिंग को लेकर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया था।

## भाई के मिलने पर बच्ची पहुंची चुटिया थाना, सिटी एसपी ने दी आइस्क्रीम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चुटिया थाना इलाके से एक बच्चा रविवार की देर शाम लापता हो गया था। परिजन उस बच्चे की तलाश में जुट गये, लेकिन बच्चा कहीं नहीं मिला। इसके बाद बच्चे के परिजन चुटिया थाना पहुंचे और बच्चे की गुमशुदगी संबंधी रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी। इसी बीच थाने में एक छोटी बच्ची पहुंची। बच्ची पुलिस को सूचना देने पहुंची थी कि उसका छोटा बाबू यानि भाई मिल गया है, उसी की सूचना देने के लिए वह थाने आई है। बच्ची को कुछ नहीं सूझा तो थाने से सिटी एसपी की गाड़ी निकल रही थी, बच्ची गाड़ी के पास खड़ी हो गई। एक छोटी बच्ची को गाड़ी के सामने आने पर सिटी एसपी भी चौकें। उन्होंने गाड़ी से उतर कर बच्ची से पूछा तो उसने कहा कि उसका छोटा बाबू मिल गया है। वह घर के पलंग के पीछे छिप गया था। मां के कहने पर ही वह थाने सूचना देने के लिए आई है। सिटी एसपी ने उसके इस कथन पर महिला थानेदार के साथ बच्ची को घर भिजवाया, फिर उसके लिए आइस्क्रीम खरीद कर दी।

# बकाये वेतन को लेकर हड़ताल पर गये रिम्स के सफाईकर्मी

### पांच महीने से नहीं मिल रहा है वेतन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिम्स में साफ-सफाई का काम करने वाले कर्मचारियों ने सोमवार की सुबह से हड़ताल कर दिया। कर्मचारियों ने पांच महीने के बकाया वेतन की मांग को लेकर काम ठप कर दिया है। इससे प्रबंधन की समस्या बढ़ गई है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरुआ और चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी कर्मचारियों को समझाने पहुंचे लेकिन उनके आश्वासन के बाद भी कर्मी अपने बकाए वेतन की भुगतान की मांग को लेकर अड़े रहे। चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरुआ ने कहा कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से उनकी सेवाएं ली जाती है। एजेंसी प्रबंधन को बिल देती है। जांच के बाद पेमेंट का भुगतान किया जाता है। एजेंसी ने फरवरी-मार्च का बिल अप्रैल में दिया था। एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि 3 महीने का बकाया वेतन का भुगतान आज शाम या कल तक कर दिया जाएगा। वहीं सफाई का काम करने वाले कर्मचारी सन्नी ने कहा कि हम लोग हड़ताल पर हैं जब तक पेमेंट का भुगतान नहीं होता है, तब तक काम नहीं करेंगे। सिर्फ आश्वासन मिलता है, लेकिन ठोस निर्णय नहीं लिया जाता है। देर शाम तक उनके काम पर लौटने की सूचना नहीं थी।

### टीपीसी संगठन से एक साल पहले जुड़ा, पुलिस का पड़ा दबाव तो किया सरेंडर

# सिगरेट और पैसा के लालच में नाबालिग बना उग्रवादी

### टीएसपीसी के जोनल कमाण्डर ने पूरे परिवार को जान से मारने की दी थी धमकी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** टीएसपीसी संगठन के सक्रिय उग्रवादी कृष्णा गंझू ने सरेंडर कर दिया है। रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के रहने वाले कृष्णा गंझू सरकार आत्मसमर्पण निति से प्रभावित होकर सीआरपीएफ 133 बटालियन एवं रांची पुलिस के अथक प्रयास से सोमवार को सरेंडर किया। कृष्णा गंझू पर बुढ़मू थाना (कांड संख्या-09/24) में आर्म्स एक्ट, 17 सीएलए एक्ट और आईपीसी की विभिन्न धारा में मामला दर्ज है।

कृष्णा गंझू ने बताया कि टीएसपीसी के जोनल कमाण्डर राहुल गंझू द्वारा पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने के कारण फरवरी 2024 में संगठन में शामिल हो गया।

संगठन में शामिल होने के बाद दस्ता सदस्यों के साथ सिरम, डमारू, आकतांग, लाहतु के जंगलों में भ्रमणशील रहा। इसी दौरान फरवरी 2024 में बुढ़मू पेट्रोल पंप के मालिक को धमकी दिया एवं चकमे में हवाई फायरिंग भी किया। इस घटना में राहुल गंझू, विकम गंझू, रूबिलाल गंझू, छठु गंझू, हरिनाथ गंझू, छन्नु गंझू, अलमोद गंझू एवं खुद शामिल था। उसके कुछ दिनों के बाद पुलिस एवं हमारे दस्ता के साथ फायरिंग हुई जिसमें हमारी साथी अलमोद, हरिनाथ गंझु एवं छन्नु गंझू पकड़े गये। वहीं दो बाइक और अन्य समान बरामद किया है। हमलोग जान बचाकर भाग गए।

पुलिस के विशेष दूत के माध्यम से सरकार के नई दिशा आत्मसमर्पण नीति के विषय में सीआरपीएफ-133 बटालियन के कमाण्डेंट अमित कुमार एवं एवं डिप्टी कमाण्डेंट मृत्युंजय कुमार ने समझाया गया तब ये प्रत्यार्पण नीति से प्रभावित होकर तथा अपने परिवार के सदस्यों एवं गांव के लोगों से विचार-विमर्श कर बुढ़मू थाना के समक्ष सरेंडर किया। ताकि समाज के मुख्य धारा से जुड़कर एवं सरकार की नीति का लाभ लेकर सामान्य जीवन जी सके। उसने बताया कि सिगरेट व पैसे के लालच में दस्ते में शामिल हो गया था।

# रांची में हेडमास्टर के 294 पद रिक्त जबकि 232 को ही दी गयी प्रोन्नति

## जिले के अधिकारी ने की हाइकोर्ट के आदेश की अवहेलना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के सभी जिलों के मध्य विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के पद अब तक रिक्त हैं। हाइकोर्ट के आदेश के बाद भी सालों से कार्यरत शिक्षकों को प्रोन्नति नहीं दी जा रही है। इसमें रांची जिले में 294 प्रधानाध्यापक के पद खाली हैं, जबकि नवंबर 2023 में ही स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग ने राजकीयकृत स्कूलों में के शिक्षकों को विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति के लिए मार्गदर्शन जिला शिक्षा पदाधिकारियों को दिया था। इस संबध में हाइकोर्ट की ओर से भी आदेश दिया गया है। मालूम हो कि राज्य में साल 2000 से कार्यरत शिक्षकों को अब तक ग्रेड के अनुसार प्रोन्नति नहीं दी गयी है। वहीं, डीईओ रांची की ओर से हाइकोर्ट को दिये शपथपत्र में बताया गया है कि विज्ञान प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों के उपलब्ध पद 2014 से है।

इन्हें ग्रेड 4 से प्रोन्नति दी जा सकती है। इसके बाद पांच सालों के सेवा के बाद शिक्षकों को ग्रेड सात में प्रोन्नति देनी होगी।




**हाइकोर्ट ने दिया आदेश :** इस सबंध में झारखंड हाइकोर्ट ने आदेश दिया है कि पदों की उपलब्धता के आधार पर ग्रेड 4 प्राप्त शिक्षकों को पूर्व तिथि प्रभाव से प्रोन्नति दी जाये। 1993 नियमावली के अनुसार पांच वर्षों की सेवा के बाद ग्रेड 7 में प्रोन्नति दिये जाने का आदेश दिया गया। इस संबध में कोर्ट ने साल 2022 में आदेश दिया। इसके बाद भी राज्य में आदेश की अवहेलना की गयी। 232 शिक्षकों की सूची जारी की गयी : झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा की मानें तो रांची में रिक्ति 294 के विरुद्ध मात्र 232 शिक्षकों की सूची जारी की गयी। यहां प्रोन्नति दिये जाने के प>ात भी पद रिक्त रह जायेंगे। 1993 नियमावली का अनदेखी करते हुए जिला स्थापना समिति ने 27 मई 2024 को मात्र 39 शिक्षकों का ग्रेड 7 में प्रोन्नति की अनुशंसा की है। मालूम हो कि शिक्षकों के लंबित प्रोन्नति को लेकर शिक्षक मोर्चा लंबे समय में प्रयासरत है।

# पासवा झारखंड ने 12वें प्रतिभा सम्मान समारोह में दो हजार प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन झारखण्ड पासवा ने 12वां अति प्रतीक्षित प्रतिभा सम्मान आयोजित कर दो हजार प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया। प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ लिटिल एंजेल स्कूल रांची और हजारीबाग फहिमा एकेडमी के स्कूल बैंड की टीम ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि अनिल कुमार महतो जैक चेयरमैन, पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद, धनंजय किशोर रिटायर ऑफिसर एयर इंडिया, एम सईद पेट्रोन अदरे शरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार, निशा भगत, महासचिव मसूद कच्ची, अनिल गुप्ता, प्रदेश सचिव तौफीक हुसैन ने मुख्य रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।



पासवा झारखंड के पदाधिकारियों द्वारा ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ, शॉल और संगठन का प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। सभी अतिथियों ने 10वीं और 12वीं में सफलता प्राप्त करने वाले दो हजार छात्र-छात्राओं को मेडल और सर्टिफिकेट देखकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान, उपाध्यक्ष निशा भगत, अरविंद कुमार, सैयद अंसारुल्लाह, महासचिव मसूद कच्ची, अनिल गुप्ता, सचिव तौफीक हुसैन, सह सचिव, विजय दुबे, कोषाध्यक्ष आलोक विपिन टोप्पो, मीडिया प्रभारी मुजाहिद आलम, जिला अध्यक्ष एवं प्रभारी डॉ बीएनपी बर्णवाल, विद्या गौतम, अली अहमद, विनीता पाठक, प्रमोद कुमार, अविनाश कुमार, सूर्यदेव यादव, रंजीत पांडे, जय प्रकाश मेहता के साथ-साथ संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई।

## लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट की नई कार्यकारिणी का गठन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट की नई कार्यकारिणी का गठन सोमवार को किया गया। लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट की नई टीम में अध्यक्ष संजय पोद्दार, सचिव सुनीता अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष दिनेश लाल ठाकुर ने अपना कार्यभार संभाल। निवर्तमान अध्यक्ष नरेश कुमार ने कार्यभार सौंपा। साथ ही क्लब के बोर्ड ने वरिष्ठ सदस्य ललित केडिया को निरामया अस्पताल का अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया गया। पहले दिन प्रातः काल पहाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर दिवाकर राजगढ़िया, रतन अग्रवाल, भारतेंदु झा, सुनील माथुर, डॉ सुरंजन सरकार, कृष्णा गोपालका, संतोष कुमार, रवि , शायरी, हर्षवर्धन जालान, बिनोद कुमार उपस्थित थे। शाम में क्लब द्वारा संचालित निरामया अस्पताल परिसर में डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में डॉ डी के गुप्ता, डॉ ओ पी नारायण, डॉ मीना नारायण को समान्नित किया गया। यह जानकारी लायन अनिता झा ने दी।

## लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल ने लगाए पौधे



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल ने नगड़ी स्थित श्रीराम टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के परिसर में फलदार और छायेदार पौधे लगाया। पौधरोपण करते हुए क्लब के निवर्तमान चार्टर प्रेसिडेंट शैलेश अग्रवाल ने कहा कि बेहतरीन जीवनयापन के लिए हमें पौधों का संरक्षण करना भी बेहद जरूरी है। विकास होना चाहिए, लेकिन विनाश की शर्तों पर नहीं। क्लब के प्रेसिडेंट अमित शर्मा ने कहा कि आदर्श नागरिक होने के नाते हमारा पहला कर्तव्य है कि हम पर्यावरण के महत्व को समझें। उन्हें दूषित और नष्ट होने से बचाएं। उन्होंने यह भी बताया कि हमारा क्लब गांव और शहर में फलदार एवं छायेदार पौधे लगाएगा। आम लोगों को भी इस अभियान से जोड़कर सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाने की अपील करेगा, ताकि पौधे बड़े होकर वृक्ष बन सकें। कार्यक्रम की संयोजिका मोनिका गोयनका ने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। श्रीराम टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के डायरेक्टर विकास सिन्हा ने कहा कि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर अपनी जिम्मेवारी निभानी होगी। मौके पर क्लब के सचिव मनोज मिश्रा, उपाध्यक्ष सोनल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, लीडरशिप चेयरपर्सन मोनिका गोयनका, पीआरओ अल्तमश आलम, पीयूष कुमार और सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## मां शारदे मंच ने बच्चों के बीच बांटी पाठ्य सामग्री

**रांची।** मां शारदे मंच की ओर से इरगु टोली, किशोरगंज में 50 बच्चों के बीच पाठ्य सामग्रियों का वितरण किया गया। सभी बच्चे सामग्री पाकर बहुत खुश और उत्साहित थे। कार्यक्रम के संबंध में मंच की अध्यक्ष नीतू सिन्हा ने बताया की मंच की ओर से समय-समय पर ऐसे आयोजन किए जाते हैं। इस दौरान जरूरतमंदों को आवश्यक सामग्री प्रदान की जाती है।

## लायंस क्लब हरिकनक ग्रेटर ने किया पौधारोपण



**रांची।** लायंस क्लब ऑफ राँची हरिकनक ग्रेटर द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट वन एक्टिविटी के तहत पहाड़ी मंदिर के प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम के तहत लगभग 100 पौघा सुरक्षित जगहों पर लगाये गये साथ ही साथ डॉक्टर्स डे के अवसर पर डॉक्टर जितेन्द्र सिंहा, डॉक्टर डी.मिश्रा, डॉक्टर अल्पना भारती, डॉक्टर महजबीन एवं सी ए. दिवस के अवसर पर सी.ए. देवाशीष सनीग्रही एवं सी.ए. अंकित केशरी को क्लब द्वारा अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। लायन प्रेमशंकर मिश्रा, सी. ए. देवाशीष सनीग्रही एवं डॉ.डी. मिश्रा ने डॉक्टर्स डे एवं सी.ए. डे के इतिहास पर प्रकाश डाला। मंच संचालन क्लब के सचिव अमित मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष लायन राजेश केडिया ने किया। इस मौके पर क्लब के रिजन चेयरपर्सन लायन प्रेम शंकर मिश्रा,अध्यक्ष लायन राजेश केडिया,सचिव लायन अमित मिश्रा, कोषाध्यक्ष लायन अंकित सराफ, मीडिया प्रभारी लायन शिव किशोर शर्मा सहित समाजसेवी शुभम चौधरी, विनोद कुमार साहू आदि आदि शामिल थे।

# डॉक्टर्स डे पर दवा ने किया पौधरोपण कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आईएमए हॉल में डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन (दवा) की ओर से सोमवार को डॉक्टर्स डे का आयोजन किया गया। इस दौरान दवा की ओर से पौधारोपण भी किया गया।

कार्यक्रम के तहत 50 मीठे नीम के पौधे (करी पत्ता) आईएमए के डॉक्टरों को वितरित किए गए एवं 150 पौधे करमटोली में नागरिक के बीच वितरित किए गए। वहीं, दवा के सदस्यों ने कुछ आम के पौधे कैंपस भी लगाये। मौके पर दवा की अध्यक्ष श्रीला चौधरी, सचिव अमृता वैद्या तथा कोषाध्यक्ष मोनीदीपा दासगुप्ता ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर शहर, प्रदेश, देश के सभी डॉक्टर्स को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी और उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर चेयरपर्सन विनीता शरण, शोभा कुमार, रेखा मिश्रा, नीता सहाय, बिंदु प्रसाद , अंजू कुमारी सिंह, जया साहू, रुखसाना बानो, आरती सिन्हा, विभा सिंह, दीपा चौहान, रश्मि अग्रवाल, डॉ तनु ,सुप्रीया ठाकुर,देवजानी शानयाल,श्वेता रंजन उपस्थित थीं।

## एक नजर में

### रांची वन-टू की विद्यालय अवर निरीक्षक को दी गयी विदायी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) रांची सदर में सोमवार को सेवानिवृति के बाद रांची वन और टू की विद्यालय अवर निरीक्षक कुमुदिनी उषा को विदायी दी गयी। विदायी समारोह का आयोजन प्रखंड संसाधन केंद्र रांची सदर में कार्यरत किर्मयों की ओर से किया गया था। मौके पर प्रखंड कर्मियों द्वारा उन्हें पौधा एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही सेवानिवृत्ति के उपरांत उनके सुखद एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गयी। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा उनका स्वागत करते हुए उपहार भी दिये गये। इस मौके पर बीपीओ आधा कुमारी, बनिता कुमारी, कुमार रोहित, संजय कुमार, प्रियंका सिंह, अनुपमा कुमारी, कौकब फिरदौस, सुष्मा कुमारी, पम्मी कुमारी, रागिनी सिन्हा, अखिलेश्वर कुमार, मो. फिरोज आलम, मो. असलम सज्जाद, अनुराग कुमार सिंह, कविंद्र प्रसाद सिंह, राकेश प्रियदर्शी और असित टोपनो समेत सभी बीआरपी-सीआरपी और कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

# आइएलएस में एकदिवसीय व्याख्यान आयोजित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज में सोमवार को राजीव गांधी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटियाला के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर जयशंकर सिंह के द्वारा संविधान की क्रिया कलापों पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस एक दिवसीय व्याख्यान में उनके दूारा बीबीए एलएलबी और एलएलएम के विद्यार्थियों को संबोधित किया गया और बताया गया कि किस तरह भारत का संविधान विश्व के संविधानों से बिलकुल भिन्न है। उन्होंने कहा कि हम कई वर्षों तक अंग्रेजों की गुलामी में जकड़े रहे तत्पश्चात हमें आजादी मिली और उस आजादी का एक बहुत ही सुंदर उपहार हमारा संविधान है।

## रांची विवि में प्राध्यापक तथा दो कर्मियों को उनकी सेवावृति पर दी गयी विदाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची विवि के तीन कर्मी बीते रविवार को सेवानिवृत हो गये। उन्हें सोमवार को विवि की ओर से विदायी दी गयी।

आरयू अर्थशास्त्र विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मधुमीता दास सेवानिवृत हो गयीं। उन्होंने 1982 में रांची विश्वविद्यालय में योगदान दिया था।

इसके अलावा आरयू भूगोलशास्त्र विभाग की चतुर्थवर्गीय कर्मी कुमारी उरांव तथा आरयू पॉलिटिकल साईंस विभाग के चतुर्थवर्गीय कर्मी दयाल उरांव अपनी सफल सेवा के बाद सेवानिवृत हो गये। विश्वविद्यालय में तीनो सेवानिृत कर्मियों के लिये माननीय कुलपति रांची विश्वविद्यालय प्रो. अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में विदाई सह सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कुलपति ने तीनों को उनके समर्पित कार्यकाल के लिये बधाई दी आगे के भविष्य के लिये शुभकामनायें दी। इस अवसर पर कुलसचिव तथा अन्य वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे। सबों ने तीनों कर्मियों का उनके सफल सेवाकाल की शुभकामनायें दीं।

## पुलिस की कार्रवाई : जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पुलिस ने जिला बदर सक्रिय अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके पास से जिसके पास से एक देशी लोडेड पिस्तौल बरामद किया। एसएसपी को सूचना मिली थी कि जिला बदर सक्रिय अपराधकर्मी संतु उरांव उर्फ मुन्ना उरांव, पिता अंगना उरांव, ग्राम टांगरबसली, थाना मांडर, जिला रांची को मांडर थाना क्षेत्र के कैम्बो जाने वाले रास्ते में स्थित जंगली क्षेत्र में घूमते हुए देखा गया है।

जिसके बाद वरीय पुलिस अधीक्षक ने खलारी के पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया और अविलंब सत्यापन कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## शैक्षणिक भ्रमण से लौटे डोरंडा कॉलेज के विद्यार्थी

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के डोरंडा कॉलेज से बीएड विभाग के 70 छात्र- छात्राओं का दल आठ दिवसीय शैक्षणिक प्रशिक्षण के लिए शिमला, कुफरी, मनाली और रोहतांग, दर्रा का भ्रमण कर सोमवार को रांची लौट आया है। यह शैक्षणिक भ्रमण काफी रोमांचक और ज्ञानवर्धक रहा। इससे विद्यार्थियों में उत्साह और ऊर्जा का संचार के साथ मनोरंजन भी किया। शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में विभाग की को-ऑर्डिनेटर डॉ दीपिका टोप्पो का अहम योगदान रहा। उन्होंने कहा कि छात्रों को इस भ्रमण से काफी अनुभव प्राप्त हुआ। पूरे भ्रमण का व्यवस्था हेरिटेज इण्डिया के निदेशक मनोज सिंह के निर्देशन में सम्पन हुआ।

# शानदार रहा एसबीयू का प्लेसमेंट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** इस वर्ष भी सरला बिरला विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट रिकॉर्ड शानदार रहा है। अब तक विवि के विभिन्न संकायों के 318 छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट हो चुका है। यह प्रक्रिया अब भी जारी है। प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से एसबीयू के विद्यार्थियों को देश की नामी-गिरामी कंपनियों में काम करने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर हासिल होगा। इससे इन विद्यार्थियों के अभिभावकों में भी खुशी की लहर है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के डीन हरिबाबू शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष प्लेसमेंट में संस्थान के छात्र को अधिकतम 10.92 लाख रुपए प्रति वर्ष का पैकेज मिला। इस वर्ष का औसतन पैकेज चार लाख रुपए रहा है। इस बार संस्थान में रिकॉर्ड संख्या में



देश विदेश की कंपनियों ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में भाग लिया। इस वर्ष टीसीएस, बिड़ला पेंट्स, श्याम स्टील,गोदरेज एंड बॉयस, एशियन पेंट्स, टीमकैन इंडिया, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस, बजाज एलियांज, आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल, एचडीएफसी बैंक, वोडाफोन आइडिया, श्री सीमेंट, इंडिया मार्ट, एवरेस्ट इंडस्ट्रीज, आदित्य बिरला सनलाइफ इत्यादि कंपनियों में विवि के विद्यार्थी अपनी जगह बनाने में सफल रहे। इस अवसर पर विवि के कुलपति प्रो. गोपाल पाठक ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी है। संस्थान के छात्र-छात्राओं की सफलता का उल्लेख करते हुए उन्होंने विवि के अकादमिक माहौल, अनुशासन और विद्यार्थियों की लगन और कड़ी मेहनत को इसका श्रेय दिया है। विवि के माननीय प्रतिकुलाधिपति विजय कुमार दलान समेत डॉ. प्रदीप वर्मा ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## सीएमपीडीआई परिवार के तीन सेवानिवृत्त सदस्यों को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएमपीडीआई परिवार के सेवानिवृत्त हो चुके 3 सदस्यों को उनके सम्मान में सोमवार को संस्थान के कांफ्रेंस हॉल में एक विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इनमें तुषार वर्मा-भूतपूर्व मुख्य प्रबंधक (खनन), अल्का मल्होत्रा, भूतपूर्व सहायक प्रबंधक (सिस्टम) एवं विजय राम, भूतपूर्व लाइनमैन शामिल हैं। इस मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी एवं निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक ने सेवानिवृत्त हो चुके कर्मियों को पौधा,मान-पत्र,प्रतीक चि? व शॉल देकर कम्पनी की ओर से सम्मानित किया और सेवानिवृत्त हो चुके कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। इस अवसर पर यूनियन के प्रतिनिधि सतीश कुमार केशरी, प्रलय भप्ताचार्यी, देवेन्द्र तिवारी एवं सौविक मुखर्जी तथा सीएमओएआई के प्रतिनिधि रामस्वरूप खिलेरी ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। स्वागत भाषण उप महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) श्रीमती सुमन रस्तोगी,मंच का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन उप प्रबंधक (राजभाषा) अभय मिश्र ने किया।

## नीरजा सहाय डीएवी में मनाया गया डॉक्टर्स डे

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में सोमवार को डॉक्टर्स डे मनाया गया। इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। कहा गया कि डॉक्टर्स हमारे लिए वरदान की तरह हैं। वे हमारे जीवन की रक्षा करते हैं। वे हमारे शारीरिक और मानसिक कष्टों को निवारण करते हैं। हमारे लिए वे रात दिन काम करते हैं। बिना थके-हारे वे मरीजों की सेवा के लिए तैयार रहते हैं। कोरोना काल में मरीजों की सेवा करते करते अनेकों डॉक्टरों ने अपनी जान तक गवां दी। 7वीं की सुबोश्री और अमन ने अपनी कविता में डॉक्टरों के सम्मान में ये बातें कही।

# झारखंड स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के नए अध्यक्ष बने : दीपक कुमार

## स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन की विशेष वार्षिक आम बैठक में नई टीम की घोषणा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन की विशेष वार्षिक आम बैठक सोमवार को हुई। इस बैठक में झारखंड स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन वर्ष 2024-27 के लिए कार्यकारणी सदस्यों की घोषणा की गई। चुनाव पदाधिकारी झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शिवेंदु दुबे ने नई टीम की घोषणा की। स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के नए अध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल (रांची) बनाए गए है। इसके अलावा संगठन के




उपाध्यक्ष स्मिता आनंद (गोड्डा), सीडी सिंह (रामगढ़) और आशीष झा (देवघर), महासचिव वरुण कुमार (दुमका), कोषाध्यक्ष विपुल कुमार (सिमडेगा), संयुक्त सचिव सरोज कुमार यादव (जामताड़ा), आशीष बनर्जी (राँची), कार्यकारणी सदस्यों में एनएन मल्लिक (जमशेदपुर), अभिषेक कुमार पांडेय (धनबाद), मुकेश कुमार (गिरिडीह), अमित पाठक (हजारीबाग) को चुना गया है। बैठक में सीए सौरभ टेकरीवाल को ऑडिटर बनाया गया। बैठक में दो माह के अंदर अन्य जिलों में भी नई कमिटी बनाने का निर्णय लिया गया। सीईओ वरुण कुमार ने एसोसिएशन की गतिविधियों की जानकारी सदस्यों को दी। मौके पर नए अध्यक्ष ने कहा कि एसोसिएशन का काम कागज पर नही बल्कि धरातल पर दिखेगा। एसोसिशन को मिलजुल कर आगे बढ़ाएंगे। बैठक में एसोसिएशन के सचिव स्वर्गीय डॉ बीके मिश्रा के निधन पर एक मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके अलावा रांची की आध्या बुधिया को इस्लामाबाद पाकिस्तान में एशियाई जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप गर्ल्स अंडर 13 में गोल्ड मिलने पर बधाई दी गई।

## दिव्यम ड्रीम फाउंडेशन ने मनाया राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस

**रांची।** दिव्यम ड्रीम फाउंडेशन संस्था की ओर से सोमवार को राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर प्रकाश कुमार को सम्मानित किया गया। संस्था की अध्यक्ष कुमुद झा ने बताया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस एक महत्वपूर्ण अवसर है ,जो भारत में डॉक्टरों की निस्वार्थ सेवा और अमूल्य योगदान को श्रद्धांजलि देता है। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस प्रतिवर्ष जुलाई माह में प्रसिद्ध चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ विधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि के अवसर पर मनाया जाता है। इस मौके पर वरुण गोराई, राजेश साह, अरुण कुमार, कल्पना इत्यादि उपस्थित थे।

## छह साल पुराने केस का हुआ सेटलमेंट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा के मार्गदर्शन में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में होनेवाले विशेष लोक अदालत जो कि 29 जूलाई से 3 अगस्त तक होना सुनिश्चित है। इसी क्रम में उच्चतम न्यायालय में लंबित वाद संख्या 246/2024 में प्रथम पक्ष अमरिता मेहता एवं द्वितीय पक्ष अतुल शंकर के बीच में अधिवक्ता मध्यस्थ नीलम शेखर एवं उनके अनिल कुमार सिंह, जयप्रकाश के योगदान से दोनों पक्षों के बीच में सुलह हो गया। ज्ञात हो कि उक्त वाद माननीय न्यायालय में 2018 से चल रहा था। यह वाद पारिवारिक वाद हैं जिसमें सूचिका का विवाह होने के बाद काफी मतभेद होने की वजह दोनों पक्षों में 6 वर्षों से विवाद चल रहा था, जोकि 3 सत्रों में अधिवक्ता मध्यस्थ नीलम शरे एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ता के अथक प्रयास के बाद आपसी सहमति से इस विवाद को सलटा लिया गया। इस प्रकार 06 वर्ष पुराना वाद का निस्पादन मध्यस्थता के माध्यम से अधिवक्ता मध्यस्थ नीलम शेखर के द्वारा किया गया।

स्पीड न्यूज

## मांडर : डिवाइडर से टकरा कर ट्रक पलटा

**मांडर।** रांची-मेदनी नगर मुख्य पथ पर स्थित मांडर टोल प्लाजा के समीप सोमवार दोपहर एक मालवाहक ट्रक डिवाइडर पर पलटकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में ट्रक के चालक राजेन्द्र यादव को हल्की चोट आयी है। मिली जाकारी के अनुसार मालवाहक ट्रक कलकत्ता से किराना दुकान का सामान लेकर मेदनी नगर जा रहा था। इसी दौरान उक्त स्थान पर ट्रक के पीछे का ऐक्सल टूटने से ट्रक असंतुलित होकर डिवाइडर पर पलट गया। ट्रक के टोल प्लाजा के सामने ही डिवाडर में पलट जाने से काफी देर तक टोल टैक्स का एक लेन भी बाधित रहा। लगभग दो घंटे के बाद क्रेन की मदद से ट्रक को हटाया गया तभी उस लेन पर आवागमन शुरू हुआ।

## सरगांव राप्रावि का छज्जा गिरा, कोई हताहत नहीं

**मांडर।** प्रखंड के सरगांव स्थित राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय भवन का छज्जा सोमवार को गिरने की बात सामने आई है। गनीमत यह है कि जिस समय छज्जा गिरा उस समय बच्चे और शिक्षक मैदान में प्रार्थना कर रहे थे। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। सुबह के करीब पौने 9 बजे छज्जा गिरने और जोर का आवाज आने से कुछ पल के लिए सभी बच्चे डर गए थे। मौके पर मौजूद प्रभारी प्रधानाचार्य सिल्वेस्टर कुल्लू ने बच्चों को एक किनारे सुरक्षित स्थान पर ले गए। कुछ देर बाद गिरे हुए मलबे की साफ सफाई कराई गई फिर बच्चों का पठन-पाठन शुरू हो पाया।

## नकटा पहाड़ घुमने आये पर्यटक की बाइक चोरी

**चान्हो।** प्रखंड के मशहूर पर्यटक स्थल नकटा पहाड़ सोमवार शाम घूमने आए बुढ़मू थाना क्षेत्र के उसकू निवासी रोहित लोहरा की बाइक की चोरी हो गई। प्राप्त जाकारी के अनुसार रोहित अपनी बाइक से अपने एक अन्य मित्र के साथ सवार होकर पर्यटक स्थल नकटा पहाड़ घूमने आया था। पहाड़ पर लगभग दो घंटा बिताने के बाद जब वह घर जाने को वापस आया तो देखा उसकी बाइक गायब थी। घटना की लिखित जानकारी रोहित द्वारा चान्हो पुलिस को दे दी गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## इटकी के अखरा टोली में लगा 200 केवीए का ट्रांसफारमर

**इटकी।** इटकी अखरा टोली में 20 दिनों के बाद मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के पहल पर 200 केबीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया। रविवार रात इटकी उप प्रमुख परवेज आलम ने फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उदघाटन किया। विद्युत आपूर्ति बहाल होने के बाद अखरा टोली चाकबाड़ी मुहल्ला एक बार फिर जगमगा उठा। ग्रामीणो ने विधायक शिल्पी नेहा तिर्की का आभार जताया।

## केंद्रीय अस्पताल डकरा के नये सीएमओ को किया सम्मानित

**खलारी।** एनके एरिया के केंद्रीय अस्पताल डकरा में नए चीफ मेडिकल ऑफिसर प्रभा देवी के पदभार संभालने पर जनता मजदूर संघ के तरफ से पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

### सड़क नहीं बनने से ओरमांझी के ग्रामीणों में आक्रोश

# दो पंचायतों में सांसद और विधायक के प्रवेश पर रोक

### जिसके घर जायेंगे जन प्रतिनिधि उन्हें लगेगा 1.50 लाख का दंड

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** सदमा मैदान में सोमवार को जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के दो पंचायत सदमा व चंदरा में सांसद व विधायक का प्रवेश पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया। इतना ही नहीं सांसद-विधायक जिसके घर जाएंगे, उस परिवार को 1.50 लाख रुपये दंड भी भरना पड़ेगा। यह निर्णय कुच्चू से सदमा चंदरा जाने वाले जर्जर हो गई सड़क का निर्माण नहीं होने पर लिया गया है। उपस्थित लोगों ने कहा कि मंदरो में कई बड़े-बड़े क्रशर संचालित हैं। जिसमें पत्थर व गिट्टी लेकर आने-जाने वाले हाईवा के संचालन से सड़क पूरी तरह गायब हो गई है। वहीं अब कुच्चू से सदमा प्रवेश करते ही लोगों को सड़क की जगह गड्ढों से होकर गुजरना पड़ता है। आगे की सड़क भी जर्जर हो गई है। इससे दोनो पंचायत के दर्जनों गांव के लोगों को आने-जाने में वर्षों से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रात में व वर्षा होने पर गुजरना और भी मुश्किल हो जाता है। सभी ने एक स्वर में निर्माण का समर्थन किया और कहा कि सांसद, विधायक व पूर्व विधायक के साथ किसी भी राजनीतिक दल के नेता का दोनों पंचायत में प्रवेश पूर्णतः निषेध रहेगा। साथ ही इसे लेकर बुधवार को बिरसा मुंडा चौक सदमा में सुबह सात बजे से सड़क जाम कर विरोध-प्रदर्शन करने का आह्वान किया गया।



विरोध को लेकर हुई बैठक में शामिल जनप्रतिनिधि व ग्रामीण।

### बैठक में ये लोग थे मौजूद

बैठक में जिप सदस्य के साथ मुंडा, मुखिया सुनील उरांव, पूर्व मुखिया रमेशचंद्र उरांव, हरिलाल मुंडा, उप मुखिया रितेश मुंडा आदिवासी सरना 22 पड़हा समिति के अध्यक्ष बाबूलाल महली राशिद अंसारी, रूपेश महतो, इंद्रदेव सिंह, भगत उरांव, संजीव महतो, रवि मुंडा, संजय मुंडा, लोकन मुंडा, सिकेन्द्र महतो, हैदर अंसारी, हुसैन अंसारी, उज्ज्वल साहू, सुरेंद्र उरांव, सोहराई महतो, अशोक महतो, अमरनाथ खरवार, कमलेश करमाली, राजनाथ उरांव, रवि उरांव, बीगू मुंडा अगमलाल महतो, कालेश्वर महतो, उमेश मुंडा, राजू महतो सहित दोनो पंचायत के कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## हेहल अंचल में होगा अमीन का प्रशिक्षण, नामांकन शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अपर समाहर्ता के आदेश पर हेहल अंचल में भू-मापक (अमीन) प्रशिक्षण के लिये अभ्यर्थियों का नामांकन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गयी है, जो 12 जुलाई तक चलेगा। पुरुष के अलावा महिलाएं भी आवेदन कर सकती हैं। नामांकन की तिथि समाप्त होने के बाद दो माह तक प्रत्येक रविवार को अंचल सभागार में तीन घंटे तक अनुभवी प्रशिक्षक की ओर से अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिये जायेंगे। यह जानकारी सीओ ने दी है। उन्होंने बताया कि पुरुष आवेदकों के लिये नामांकन शुल्क 350 और महिलाओं को 300 रुपये देने होंगे।

### यह है अहर्ता की शर्ते

शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिये यह सुनहरा अवसर है। अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक पास होनी चाहिये। नामांकन के लिये दो पासपोर्ट साइज फोटोए योग्यता प्रमाण पत्रए आधार कार्ड तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति अभ्यर्थियों को जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति देना अनिवार्य है। प्रशिक्षण प्रभारी का मो नंबर 9955354092 है। इच्छुक उम्मीदवार दिये गये नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से युवक और कुत्ते की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** सोमवार सुबह टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के आरा, नया टोली में 11 हजार वोल्ट के तार के चपेट में आने से एक मूक बधीर युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान गांव के सुरेश सांगा के पुत्र रोहित सांगा 19 वर्ष के रूप में की गयी। मुखिया विजय टोप्पो ने बताया युवक रोजाना की भांति सुबह लगभग छह बजे अपने कुत्ते के साथ शौच के लिए जा रहा था। उसी दौरान वह टूट कर गिरे ग्यारह हजार वोल्ट की तार की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर जुट गए। मुखिया विजय टोप्पो और समाजसेवी मुक्तिनाथ मिश्रा ने मामले की जानकारी टाटीसिलवे पुलिस और विद्युत विभाग के जेई और एसडीओ को दी। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना की सूचना देने के बावजूद लगभग ढाई घंटे बाद पुलिस और साढे चार घंटे के बाद विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। टाटीसिलवे पुलिस ने मृतक के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भिजवाया। इधर घटना को लेकर ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों में काफी रोस व्याप्त है,ग्रामीण पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। बाद में परिजनों को 10 हजार की की राशि दी गई।

## वज्रपात से वृद्ध महिला की मौत

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के बारेंदा पंचायत अंतर्गत भीतिरियाडीह गांव के 50 वर्षीय श्रावणी देवी की मौत वज्रपात से हो गयी है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि रविवार शाम श्रावणी देवी अपने पति कालो मछुवा के साथ घर के आंगन में बैठे थे। उसी समय तेज आवाज के साथ वज्रपात हुआ और श्रावणी देवी बेहोश हो गई। आनन फानन में सिंहपुर अस्पताल मुरी भेजा गया। इलाज के दौरान रात में वृद्धा की मौत हो गई। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया।

## ग्राम प्रधान जिला अध्यक्ष से बयान वापस लेने की मांग, 22 पड़हा समिति करेगा प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** पड़हा भवन सदमा ओरमांझी में आदिवासी 22 पड़हा समिति सदमा के अध्यक्ष बाबूलाल महली के अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जिसमें पिछले दिनों गेतलसुद में जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत व ग्राम प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष उमेश बड़ाईक द्वारा आदिवासी सरना झंडा के खिलाफ दिए गए बयान को लेकर नाराजगी जताई गई। बताया गया कि बयान में सरना झंडा के जगह सफेद झंडा व बजरंग बली का फोटो रखना चाहिए। जिसका समर्थन पूर्व विधायक रामकुमार पाहन द्वारा भी किया गया है। इसका विरोध करते हुए बाबुलाल महली ने कहा आदिवासी समाज के लिए सरना झंडा आस्था से जुड़ा है और इसे देश के लगभग सभी राज्य में सम्मान मिलता है। गणेश राम भगत जैसे व्यक्ति ने आदिवासी समाज को हिंदुत्व समाज की ओर ढकेलना चाहता है। दोनो से बिबादित ब्यान को यथा शीघ्र आपस लेने की मांग करते हुए कहा बयान वापस नही लेने आदिवासी समाज द्वारा पुतला दहन व विरोध प्रदर्शन करेगी। बैठक में बाबूलाल महली के साथा संरक्षक रमेशचंद्र उरांव सचिव रमेश उरांव, ललिता पाहन, रवि मुंडा, लोकन मुंडा, सुरेंद्र उरांव, पम्मी मुंडा, दीपक मुंडा, दिनेश उरांव, सुकरा उरांव, भगत उरांव, शनि पाहन सहित पड़हा समिति के सक्रिय सदस्यगण उपस्थित थे।

## कृषि, बागवानी और पशुपालन को मजबूत करना जरूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** समाज में लोग कृषि संबंधित कार्य को सबसे हीन भावना में देखते हैं। हमें कृषिए बागवानी और पशुपालन को मजबूत करना होगाए जिससे देश की सारी समस्याएं खत्म हो जाएगी। उक्त बातें झारखंड सामाजिक कल्याण संस्थानए चुतरूडीह के द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद कोचिंग सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में रामकृष्ण मिशन आश्रमए मोराबादी के पूर्व सचिव एवं वरिष्ठ सन्यासी स्वामी शशंकानंद जी महाराज ने कही। स्वामी जी ने रामकृष्ण मिशन आश्रम के पूर्व प्रशिक्षणाथीर्यों द्वारा संचालित सामाजिक कल्याण संस्थान के द्वारा सुदूर क्षेत्र में ग्रामीणों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।स्वामी जी ने जैविक खेती पर भी जोर देने को कहा।



# सेवानिवृत्त होकर घर लौटे सेना के जवान का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** देश सेवा कर घर लौटे भारतीय सेना के जवान का ग्रामीणों ने अभूतपूर्व स्वागत किया। 30 वर्षों तक देश की रक्षा कर सेवानिवृत्त हुए जवान गोयंदा केरकेट्टा का अपने पैतृक गांव इटकी प्रखंड के कुंदी पहुंचने पर ग्रामीणों ने उन्हें फूलमाला से लाद दिया। गोयंदा केरकेट्टा 28 जून 1994 को बिहार रेजिमेंट में योगदान दिया था। 30 वर्षों तक राष्ट्र सेवा कर 30 जून 2024 को बिहार रेजिमेंट से हॉनरी लेफ्टिनेंट के पद से सेवानिवृत्त हो गए। जवान गोयंदा केरकेट्टा को लेने इटकी मोड़ बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। जहां ढोल नगाड़ों के साथ पुष्प वर्षा कर व फूलमाला पहना कर उनका स्वागत किया गया। इटकी मोड़ से जवान के घर तक रैली निकाली गई। फूलों से सजी खुली जीप में सवार तिरंगा लिए सेवानिवृत्त जवान गोयंदा का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान रैली भारत माता की जय व बंदेमातरम के नारों से गूंजता रहा। रैली साहेब मोड़ पहुंचा जहां शहीद प्रकाश गोप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके बाद दर्जनों महिला पुरुष ढोल नगाड़ों के साथ नृत्य करते सेवानिवृत्त जवान को लेकर कुंदी गांव पहुंचे। गांव पहुंचते ही सेवानिवृत्त जवान गोयंदा केरकेट्टा देवी मंडप पर मत्था टेका इसके बाद सरना स्थल पहुंच कर पूजा-अर्चना कर मां सरना का आशीर्वाद लिया व प्रसाद ग्रहण किया। जहां जवान गोयंदा केरकेट्टा ने सैनिक की नौकरी में योगदान देने से लेकर सेवानिवृत्त होने तक के सफर को ग्रामीणों के साथ साझा किया। इसके बाद वह अपने घर पहुंचे जहां घर वालों ने हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। मौके पर डब्बू केरकेट्टा, अजय मिंज, जगरे उरांव, मोहित गोप, रतनू, मंगल, सोमरा, जतरु सहित भारी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

## रातू बीडीओ ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**रातू।** झारखंड में विधान सभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गयी है। डीसी राहुल सिन्हा के निर्देश पर बीडीओ रवि कुमार ने सोमवार की दोपहर विभिन्न राजनीतिक दल के प्रखंड अध्यक्षो के साथ बैठक की। मुख्यालय सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मतदान केंद्रों का राष्ट्रीयकरण, वोटरों को दी जाने वाली मूलभूत सुविधाए 14 सौ से अधिक मतदाता वाले केंद्र का राष्ट्रीयकरण व नये मतदान केंद्र का गठन आदि पर चर्चा की गयी। पार्टी अध्यक्षों ने मतदाता सूची व बूथ निर्धारण की विसंगतियों पर सवाल खड़े किये और चुनाव पूर्व इसमें सुधार की मांग की। मौके पर कांग्रेस के कुशल उरांव व अतुल राजए जेएमएम से बी अंसारी व कमरुल हक जाड़ी, आजसू के अर्जुन महतो, जोहार पार्टी के आशिफ इकबाल व भाजपा के देवेंद्र सिंह तथा जनसेवक शमसुल हक मौजूद थे।



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण)।

लाईन टैंक रोड, लकड़ा गोदाम, राँची, पिन कोड नं० : 834001
ई-मेल eercdranchi-gramin@jharkhandmail.gov.in

### प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा Ranju devi, Rani-02, Ward No. 6, Near Hanuman Mandir, Bachhwara, Begusarai, Bihar को सूचित किया जाता है कि पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण) अंतर्गत IRQP/Strengthening Work in Goushala to Kanke - Patratu Road (Total Length 1.60 km) कार्य का एकरारनामा आपके द्वारा किया गया है, जिसका एकरारनामा सं0-33F2/2023-24, राशि 51,96, 119. 00, कार्य आरंभ की तिथि दि0 07.03.24 एवं कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि दि0 06.05.24 है। अनेको बार मौखिक(मोबाइल पर) तथा इस इस कार्यालय का पत्रांक 531(अनु0) दि0 01.06.24, पत्रांक 466(अनु0) दि0 07.05.24, पत्रांक 426 दि0 29.04.24, पत्रांक 410(अनु0) दि0 24.04.24, पत्रांक 369(अनु0) दि0 06.04.24, पत्रांक 338 दि0 29.03.24 एवं सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल सं0-02, राँची (ग्रामीण) का पत्रांक 23 दि0 04.05.24 द्वारा निदेश दिये जाने के बावजूद आपके द्वारा अब तक कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया। बिटुमिन इमलसन का क्रय भी अब तक नहीं किया गया है। इस संदर्भ में अनेकों बार आपके द्वारा उपलब्ध कराये गये मोबाईल नं0 7631608638 पर सूचित किया गया है। विदित हो कि आपके निबंधन में उपलब्ध कराये गये पते पर सभी पत्रों को प्रेषित किया गया जिसमें निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से प्रेषित सभी पत्र वापस आ गये हैं। इस संदर्भ में आपको मोबाईल पर सूचित किया गया तथा आपसे पत्राचार हेतु सही पते की मांग की गयी जिसपर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा पत्र प्रेषित किया जा सके, परन्तु अब तक आपके द्वारा कोई स्पष्ट पता उपलब्ध नहीं किया जाना खेदजनक है। अधीक्षण अभियंता कार्यालय के ज्ञापांक 247 दिनांक 16.05.24 द्वारा भी आपको कार्य प्रारम्भ नहीं किये जाने का स्पष्टीकरण की मांग की गयी परन्तु अब तक आपके द्वारा कार्य में रुचि नहीं ली गयी जो अत्यंत दुखद है। आपके द्वारा मात्र औपचारिकता पूरी करने हेतु आपके ज्ञापांक 52 दि0 03.06.24 जिसमें कार्य कराने हेतु आश्वासन दिया गया है, परन्तु आपके द्वारा अब तक इस संदर्भ में किसी भी पदाधिकारी/ कर्मचारी से सम्पर्क नहीं किया गया है। तत्पश्चात् इस कार्यालय द्वारा प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 21.06.24, PR No. 327027 Road(24-25)D के माध्यम से आपको सूचित किया गया, परन्तु आपके द्वारा अब तक प्रमंडलीय कार्यालय से सम्पर्क स्थापित नहीं किया गया जो खेद का विषय है।

अतः आपको प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पुनः निदेश दिया जाता है कि प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 02 दिनों के अन्दर स्पष्ट करें कि क्यों नहीं अब तक आपके द्वारा कार्य प्रारम्भ नहीं कराये जाने एवं कार्य के प्रति बरती जा रही उदासीनता रवैये के कारण उक्त कार्य में जमा प्रतिभूति राशि जब्त कर एकरारनामा को विखण्डित करते हुए आपके निबन्धन को काली सूची में अंकित करने तथा आप पर प्रशासनिक कार्रवाई करने की अनुशंसा उच्चाधिकारियों से कर दी जाए।

कार्यपालक अभियंता
पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)।

PR.NO.328311 Road(24-25):D

## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग।

### मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/उनके सदस्यों के लिए अल्पकालीन सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड, रांची के स्वीकृत्यादेश संख्या 07 दिनांक 19.06.2024 के आलोक में हजारीबाग जिला के अंतर्गत वैसे कार्यरत प्रखण्ड/जलाशय स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0/उनके सदस्यों जो मछलियों/मछलियों के बीज का परिवहन कार्य करते हो से स्वच्छ अवस्था में मत्स्य बीज/मछलियों के परिवहन हेतु चार पहिया भार वाहक वाहन एवं एक्वेरियम शॉप/रंगीन मछली दुकान सज्जा-उपकरण हेतु दिनांक 15.07.2024 तक आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र0 | सामग्री का नाम | विभागीय अनुदान | भौतिक लक्ष्य | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मछली परिवहन हेतु चार पहिया भार वाहक वैन | 60% - (अधिकतम 3.60 लाख रू0) | 01 | |

उपरोक्त योजनाओं के लिए मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0/उनके सदस्यों से आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक कार्यालय अवधि में जमा कर सकते है। आवेदन पत्र जिला मत्स्य कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। विशेष जानकारी के लिए कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर सूचना प्राप्त कर सकते है।

ह0/-
जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग।

PR 328240 (Fish) 24-25 (D)

## झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय, गुमला

### आम सूचना

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय, गुमला के विज्ञापन सं0 01/2022 के तहत रिक्ति के विरूद्ध पुरुष/महिला उम्मीदवारों से प्रखण्डवार आवेदन प्राप्त करने के कम में कुछ त्रुटियॉं पायी गयी थी तथा उम्र कम/अधिक/डबल आवेदन के कारण कुछ आवेदनों को रद्द किया गया है। कुछ में सुधार करते हुए उम्मीदवारों को निर्गत पावती/कमांक में संशोधन कर नया क्रमांक आवटित किया गया है, जिसकी विवरणी प्रखण्डवार निम्नलिखित है, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि नया आवंटित क्रमांक के अनुसार दौड़, शारीरिक जॉंच परीक्षा में शामिल होने के लिए निर्धारित स्थल पर पहुँचे :-

| क्र0 सं0 | पूर्व में निर्गत क्रमांक | उम्मीदवार का नाम | आवेदित प्रखण्ड | निर्गत कोटि | नया आवंटित क्रमाक | आवंटित प्रखण्ड | आवंटित कोटि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रखण्ड - गुमला पुरूष | | | | | | | |
| 1 | 193 | अनुप उरॉव | गुमला | पुरूष | 65 | शहरी | पुरूष |
| 2 | 259 | विपिन खड़िया | गुमला | पुरूष | 406 | पालकोट | पुरूष |
| 3 | 294 | आनन्द बाड़ा | गुमला | पुरूष | 301 | रायडीह | पुरूष |
| 4 | 474 | रोहित उरॉव | गुमला | पुरूष | 64 | शहरी | पुरूष |
| 5 | 664 | साहिल कु0 भगत | गुमला | पुरूष | 690 | घाघरा | पुरूष |
| 6 | 838 | अमित कु0 गोप | गुमला | पुरूष | 691 | घाघरा | पुरूष |
| 7 | 858 | शिवलाल गोप | सिसई | पुरूष | 912 | गुमला | पुरूष |
| 8 | 676 | संजय कु0 साहु | गुमला | महिला | 917 | गुमला | पुरूष |
| प्रखण्ड - गुमला महिला | | | | | | | |
| 9 | 16 | पुनीता टोप्पो | गुमला | महिला | डबल आवेदन रद्द। | | |
| 10 | 282 | फुलमंती कुमारी | गुमला | महिला | 157 | घाघरा | महिला |
| 11 | 467 | संतोनी कुमारी | गुमला | महिला | उम्र ज्यादा है आवेदन रद्द। | | |
| 12 | 573 | निलिमा टोप्पो | गुमला | महिला | 76 | गुमला | शहरी |
| प्रखण्ड - सिसई पुरूष | | | | | | | |
| 13 | 568 | निर्मला दास | सिसई | पुरूष | 493 | सिसई | महिला |
| प्रखण्ड - सिसई महिला | | | | | | | |
| 14 | 391 | सीता कुमारी | सिसई | महिला | उम्र कम है आवेदन रद्द। | | |
| 15 | 480 | शीला कुमारी | सिसई | महिला | 488 | सिसई | महिला |
| 16 | 481 | बन्धैन कुमारी | सिसई | महिला | 491 | सिसई | महिला |
| 17 | 482 | संगीता कुमारी | सिसई | महिला | 492 | सिसई | महिला |
| प्रखण्ड - पालकोट पुरूष | | | | | | | |
| 18 | 239 | जयराम उरॉव | पालकोट | पुरूष | 341 | भरनो | पुरूष |
| 19 | 262 | उर्मिला बड़ाईक | पालकोट | पुरूष | 276 | पालकोट | महिला |
| प्रखण्ड - कामडारा पुरूष | | | | | | | |
| 20 | 297 | सलन सुरीन | कामडारा | पुरूष | डबल आवेदन रद्द। | | |
| प्रखण्ड - कामडारा महिला | | | | | | | |
| 21 | 125 | उषा कोनगाड़ी | कामडारा | महिला | डबल आवेदन रद्द। | | |
| 22 | 126 | अनिमा कुमारी | कामडारा | महिला | डबल आवेदन रद्द। | | |
| 23 | 129 | पूजा कुमारी | कामडारा | महिला | डबल आवेदनरद्द। | | |
| प्रखण्ड - डुमरी पुरूष | | | | | | | |
| 24 | 86 | मो0 अजाजुल अंसारी | डुमरी | पुरूष | गिरिडीह जिला से है आवेदन रद्द। | | |
| 25 | 189 | कृष्णा भगत | डुमरी | पुरूष | डबल आवेदन रद्द। | | |
| 26 | 193 | महेन्द्र बाखला | डुमरी | पुरूष | उम्र कम है आवेदन रद्द। | | |
| प्रखण्ड - जारी महिला | | | | | | | |
| 27 | 51 | अनिष तिर्की | जारी | महिला | 187 | जारी | पुरूष |
| 28 | 88 | भुमिका किण्डो | जारी | महिला | उम्र कम है आवेदन रद्द। | | |
| प्रखण्ड - घाघरा महिला | | | | | | | |
| 29 | 70 | उषा कुमारी | घाघरा | महिला | 388 | घाघरा | महिला |
| 30 | 71 | आशा कुमारी | घाघरा | महिला | 389 | घाघरा | महिला |
| 31 | 72 | सुशीला कुमारी | घाघरा | महिला | 390 | घाघरा | महिला |
| 32 | 73 | चन्द्रमुनी कुमारी | घाघरा | महिला | 391 | घाघरा | महिला |
| 33 | 74 | उषा कच्छप | घाघरा | महिला | 392 | घाघरा | महिला |
| 34 | 75 | अनिशा कच्छप | घाघरा | महिला | 393 | घाघरा | महिला |
| 35 | 76 | जयंती कुमारी | घाघरा | महिला | 394 | घाघरा | महिला |
| 36 | 77 | सुषमा कुमारी | घाघरा | महिला | 395 | घाघरा | महिला |
| 37 | 78 | संगीता बाड़ा | घाघरा | महिला | 396 | घाघरा | महिला |
| 38 | 79 | मालती कुजूर | घाघरा | महिला | 397 | घाघरा | महिला |
| 39 | 80 | आशा कुमारी | घाघरा | महिला | 398 | घाघरा | महिला |
| प्रखण्ड - गुमला पुरूष | | | | | | | |
| 40 | 27 | कार्तिक उरॉव | गुमला शहरी | पुरूष | उम्र कम है आवेदन रद्द। | | |
| 41 | 50 | सूरज भगत | गुमला शहरी | पुरूष | डबल आवेदन रद्द। | | |
| प्रखण्ड - गुमला शहरी महिला | | | | | | | |
| 42 | 29 | मेघा कुमारी | गुमला शहरी | महिला | 268 | गुमला ग्रामीण | महिला |

जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गुमला।

पुलिस अधीक्षक, गुमला।

उपायुक्त, गुमला।

PR 328287 Home, Prison And Disaster Management (24-25)_D

